भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3164 का उत्तर

रेलवे द्वारा खंड-वार अर्जित राजस्व

3164. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान यात्री सेवाओं, माल ढुलाई, पार्सल सेवाओं और गैर-किराया राजस्व के खंड-वार ब्यौरे सहित भारतीय रेलवे द्वारा अर्जित कुल राजस्व का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान भारतीय रेलवे द्वारा सूचित परिचालन संबंधी अधिशेष या घाटा/लाभ या हानि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रमुख मदों, जिनके अंतर्गत सहायता प्रदान की गई थी, को निर्दिष्ट करते हुए सरकार द्वारा वर्ष-वार कुल कितनी राजसहायता या वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान छात्र, दिव्यांग व्यक्ति, रोगी और अन्य पात्र समूह सहित यात्री किराया रियायतें या राजसहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की श्रेणियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का वरिष्ठ नागरिकों के लिए किराया रियायतें पुनः लागू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और प्रस्तावित समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ) पिछले पाँच वित्तीय वर्षों के दौरान भारतीय रेल द्वारा अर्जित कुल राजस्व, किए गए व्यय और उत्पन्न अधिशेष/घाटे का वर्षवार विवरण निम्नानुसार हैः

(करोड़ रु. में)

वित्त वर्ष	राजस्व	व्यय	अधिशेष/घाटे
2020-21 (कोविड वर्ष)	1,40,784	1,38236	2,548
2021-22 (कोविड वर्ष)	1,91,367	2,06,392	(-) 15,025

2022-23	2,40,177	2,37,660	2,517
2023-24	2,56,093	2,52,834	3,260
2024-25	2,65,678	2,63,018	2,660

उत्पन्न राजस्व और सामाजिक सेवा दायित्व के रूप में दी गई सब्सिडी का वर्गवार ब्यौरा वार्षिक सांख्यिकीय विवरण और भारतीय रेल की वर्ष पुस्तिका में प्रदान किया गया है, जो वेबसाइट (https://www.indianrailways.gov.in) पर उपलब्ध है।

भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और वर्ष 2024-25 में यात्री टिकटों पर 60,239 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई। यह राशि रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए औसतन 43% की रियायत के बराबर है। दूसरे शब्दों में, यदि सेवा प्रदान करने की लागत 100 रुपए है, तो टिकट की कीमत केवल 57 रुपए होगी। यह सब्सिडी सभी यात्रियों के लिए जारी है। इसके अलावा, दिव्यांगजनों की 4 कोटियों, रोगियों की 11 कोटियों और विद्यार्थियों की 8 कोटियों जैसी कई कोटियों के लिए इस सब्सिडी से अतिरिक्त रियायतें जारी रखी गई हैं।

****